लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 85, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, गुरुवार, 9 फरवरी 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 BOTTOM

कार्यक्रम

श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शतिक सभागार में 22 वां दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

देश को दोबारा विश्वगुरु बनाने के लिए युवाओं को बनना होगा उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शतिक सभागार बुधवार को श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 22 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें बरेली स्थित सीईटी, सीईटीआर और उन्नाव स्थित सीईटी के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, पाठ्यक्रमों के सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण 310 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही विभिन्न संकायों में विशिष्ट अंक हासिल कर उत्तीर्ण होने वाले और खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार भी दिए गए।

दीक्षांत समारोह मे विद्यार्थियों को दी गईं उपाधियां और पदक।

नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन नई दिल्ली के पूर्व चेयरमैन शिक्षाविद प्रो. डा. केके अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण दिया और देश को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि इंटीग्रेटिड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज आफ इंडिया फरीदाबाद के फाउंडर एवं चेयरमैन राजीव चावला ने दीक्षा हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने विद्यार्थियों को समय की तेज रफ्तार के साथ तेजी से आगे बढ़ने का संदेश दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों के परिजनों का स्वागत किया। उन्होंने ट्रस्ट की स्थापना और इसके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। सीईटी के डीन एकेडमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता ने पिछले वर्ष हासिल संस्थान की उपलब्धियां गिनाईं।

डा. केके अग्रवाल ने कहा कि यह विशिष्ट समारोह है जब छात्र डिग्री हासिल कर समाज की ओर रुख करता है और खुद के साथ देश का भविष्य बनाने का प्रयास करता है। आज के बाद आपका विशेष दौर आरंभ होगा। आपके फैसले आपका जीवन तो प्रभावित करेंगे ही देश का भविष्य भी बदलेंगे। देश को विश्वगुरु बनाने के लिए आपको ही आर्किटेक्ट बनना है। यह उद्यमी बन कर ही संभव है। अंत में सीईटीआर के प्रिंसिपल डा. एलएस मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन रुचि शाह ने किया।

दीक्षांत समारोह में यह रहे उपस्थित

विधायक डीसी वर्मा, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, सुभाष मेहरा, सुरेश सुंदरानी, डीपी अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, डा. अजय शर्मा, डा. अनुराग मोहन, डा. वंदना शर्मा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डा. एसबी गुप्ता, डा. आरपी सिंह, एयरमार्शल डा. महेंद्र सिंह बडोला, डा. रिटु चतुर्वेदी, डा. सीएम चतुर्वेदी, डा. मुकुट बिहारी लाल, डा. अनुज कुमार, डा. नसीम अख्तर, डा. आरती गुप्ता, डा. सोवन मोहंती और समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।